न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर : 21.09.2021

प्रकरण संख्या :52/2021

अनवान

01. मतंग पिता महावीरप्रसाद जाति राव उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)
02. जयन्त पिता महावीरप्रसाद जाति राव उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)
03. चंचल पिता महावीरप्रसाद जाति राव उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)
04. गुणवन्त पिता महावीरप्रसाद जाति राव उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)

.... प्रार्थी

बनाम

01. सत्यनारायण, पुरूषोत्तम, औमप्रकाश पिता मुरलीधर जाति जोशी उम्र वयस्क निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)
02. विकास जैन पिता प्रकाश जैन जाति जैन (छाबडा) उम्र वयस्क निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)
03. निर्मल कुमार पिता चान्दमल जाति जैन (छाबडा) उम्र वयस्क निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)
04. कैलाश, राजाराम, रामप्रसाद, शिवप्रसाद पिता दुर्गालाल जाति सलावट उम्र वयस्क निवासी बिजौलियाकला तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)
05. मनोज कुमार, सावन कुमार पिता नन्दकिशोर जाति सलावट उम्र वयस्क निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)
06. कैलाशचन्द्र, अशोक कुमार पिता रतनलाल जाति सलावट उम्र वयस्क निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0)

.... विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट

– : **आदेश** : –

दिनांक 3/12/2021

प्रार्थना पत्र हम मतंग, जयन्त, चंचल, गुणवन्त पिता महावीरप्रसाद जाति राव उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियाकलां तहसील बिजौलिया भीलवाडा (राज0) ने जरिये अभिभाषक श्री रामफूल धाकड प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि मौजा बिजौलियां कलां पटवार हल्का बिजौलियां कलां तहसील बिजौलिया की सरहद में खाता सं. 11 पर अंकित आराजी सं. 1352 रकबा 3–00 बीघा भूमि सामलाती दर्ज है। विपक्षीगण आये दिन सीमाओं को लेकर विवाद करते रहते है। अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावें। साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथ पत्र संलग्न है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया।

अतः प्रशासन गॉवों के संग अभियान–2021 में शिविर स्थान .... में पत्रावली पेश हुई हमनें पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार/गैर खातेदार काश्तकार है। पडोसीयान के विवाद करने बाबत् शपथ पत्र संलग्न है पत्थरगढी से किसी स्वत्व पर कोई विपरित प्रभाव नहीं पडता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया भूमि प्रार्थी की खातेदारी भूमि मौजा बिजौलियां कलां पटवार हल्का बिजौलियां कलां तहसील बिजौलिया की सरहद में खाता सं. 11 पर अंकित आराजी सं. 1352 रकबा 3–00 बीघा भूमि सामलाती दर्ज की बशामलात सभी काश्तकारान एवं पडोसीयान को सूचित करते हुए पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढी शुल्क राशि **100/–** रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें। भू0अ0नि0 बिजौलियांकलां को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। फीस **500/–** रूपये वक्त पत्थर गढी प्रार्थी मौके पर अदा करेगा। प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हों।

आदेश सुनाया गया।

प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021

(सीमा तिवाड़ी)
प्रभारी अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
(उपखण्ड अधिकारी)
बिजौलिया
बिजौलिया (भीलवाड़ा)

FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत **उपखण्ड अधिकारी** मुकाम **बिजौलियां**

मतंग बनाम सत्यनारायण

किस्म मुकदमा – 111-128 नम्बर 52 **/2021**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
21/9/2021	**प्रार्थना पत्र सीगे से बाद** जांच पेश हुआ। **पेरोकार हाजिर। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर** अप्रार्थी **को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते** तलबी/जवाब **दिनांक** 12/10/2021 **को पेश हों।** **उपखण्ड अधिकारी** **बिजौलियां**	
03/12/2021	पत्रावली बन्द बस्ते से आज प्रशासन गाँवो के संग अभियान 2021 में शिविर स्थान उमा जी का खेड़ा में पेश हुई, पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 111-128 स्वीकार किया जाता है, निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया, पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। प्रभारी अधिकारी प्रशासन गाँवो संग अभियान-2021 (उपखण्ड अधिकारी) बिजौलियां (भीलवाड़ा)	